CITY OF Fremont

REPUBLIC SERVICES

आवासीय रिसाइकिल सर्विसेज़ गाइड

हमारी कम्युनिटी को साफ़-सुथरा रखने में मदद करने के लिए अपने कचरे को सही तरीके से छांटें!

सीनेट बिल (Senate Bill, SB) 1383 और Fremont नगरपालिका संहिता (Fremont Municipal Code, FMC) 8.40.070 के तहत कानूनी रूप से ज़रूरी

city.fremont.gov/environment

रिसाइकिल		कंपोस्ट	
केवल खाली, साफ़ और सूखी सामग्रियाँ!			
	 प्लास्टिक के बैग नहीं		
पेपर और कार्डबोर्ड*		फल और सब्जियाँ	
एल्युमिनियम फॉयल और ट्रे		मांस और हड्डियाँ	
मेटल कैन		डेयरी, अंडे और ब्रेड	
काँच की बोतलें एवं जार		बचा हुआ खाना	
प्लास्टिक की बोतलें एवं कंटेनर		खाद्य पदार्थ के डिब्बे	
*ज़्यादा बड़ी कार्डबोर्ड को चपटा कर देना चाहिए, 3 फ़ीट x 3 फ़ीट के टुकड़ों में काट देना चाहिए, बंडल बना देना चाहिए और कार्ट के बीच में रखना चाहिए		पौधे, घास और बगीचे की कटी घास	

कचरा/मलबा

कंस्ट्रक्शन का मलबा
न डालें

पैकेजिंग

फ़ोम पैकेजिंग

प्लास्टिक के बैग,
प्लास्टिक के रैप एवं
बबल मेलर

डायपर बिल्ली के टॉयलेट
की रेत
एवं पालतू जानवर
का अपशिष्ट

टूटे हुए फ़र्नीचर और
घरेलू आइटम

इस्तेमाल न होने वाले
कपड़े और वस्त्र

किसी भी कार्ट/कचरे के डिब्बे में न डालें

घरेलू खतरनाक अपशिष्ट

बिना किसी चार्ज के फेंकने के लिए यहाँ जाएँ:

Fremont Household
Hazardous Waste Facility
41149 Boyce Road
stopwaste.org/hhw
1-800-606-6606
फेंकने का समय तय है

गाड़ी के रखरखाव
से जुड़े आइटम

बैटरी, एलईडी और
अन्य बल्ब

गैस के सिलेंडर

मेडिकल कचरा
और चुभने वाले
सामान

इलेक्ट्रॉनिक्स के
सामान

पेंट, सॉल्वेंट
एवं कीटनाशक

Republic Services ऑफ़ Alameda काउंटी
42600 Boyce Road, Fremont, CA 94538
510-657-3500
republicservicesac.com

Fremont शहर
पर्यावरण सेवा विभाग
39550 Liberty Street, Fremont, CA 94538
510-494-4570 | environment@fremont.gov
city.fremont.gov/environment

पाम के पत्ते

- काले रंग के कचर के डिब्बे में रखें और ढक्कन बंद कर दें।
- Republic Services के माध्यम से बल्क पिकअप की बुकिंग करें। यह आपके घर को हर साल मिलने वाले दो मुफ़्त बल्क पिकअप में शामिल नहीं होगा।
- Fremont की आईडी दिखाकर 41149 Boyce Rd. स्थित Fremont रीसाइक्लिंग एंड ट्रांसफर स्टेशन पर मुफ़्त में कचरा ले जाकर जमा करें।

एक्स्ट्रा सर्विस की जानकारी

Rरसोई में कंपोस्ट के लिए मुफ़्त में छोटी बाल्टी

खाने के टुकड़ों को जमा करने के लिए रसोई में कंपोस्ट के लिए मुफ़्त में छोटी बाल्टी माँगें। city.fremont.gov/compostpail पर जाएँ या 510-657-3500 पर Republic Services से संपर्क करें।

बड़े सामानों का कलेक्शन

जिन निवासियों के पास पर्सनल कार्ट सर्विस है, वे हर साल दो बार मुफ़्त में बल्क पिकअप की सुविधा ले सकते हैं, जिससे गद्दे या फ़र्नीचर जैसी बड़ी चीज़ें हटवाई जा सकती हैं। बुकिंग के लिए Republic Services से 510-657-3500 पर संपर्क करें।

इस्तेमाल हुआ मोटर ऑयल का कलेक्शन

इस्तेमाल किया हुआ मोटर ऑयल और ऑयल फ़िल्टर अपने नियमित कचरा जमा करने वाले दिन घर के बाहर रीसाइक्लिंग के लिए रखें। ऑयल रखने के कंटेनर और ऑयल फ़िल्टर बैग मुफ़्त में उपलब्ध हैं। और जानकारी के लिए, Fremont शहर से environment@fremont.gov पर संपर्क करें या Republic Services को 510-657-3500 पर कॉल करें।

स्पेशल डिस्काउंट और सर्विसेज़

कम आय वाले परिवार और 70 साल या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक छूट पाने के पात्र हो सकते हैं। इसके अलावा, दिव्यांग निवासी घर के पिछवाड़े या साइड यार्ड से कचरा जमा करने की सुविधा भी पा सकते हैं। और जानकारी के लिए, 510-657-3500 पर Republic Services से संपर्क करें।

ओवरेज स्टिकर

ज़रूरत से ज़्यादा भरे हुए कचरे के डिब्बों से गंदगी फैलती है और कचरा उठाने में परेशानी होती है। कभी-कभी अतिरिक्त कचरा होने पर Republic Services से “ओवरेज” स्टिकर खरीदना सबसे अच्छा विकल्प है। स्टिकर खरीदने के लिए, 510-657-3500 पर Republic Services से संपर्क करें।

कार्ट स्टोरेज

कचरा उठाए जाने वाले दिन सुबह 6 बजे डिब्बे को सड़क किनारे रख दें। कचरा उठाए जाने के 24 घंटे के भीतर सभी कचरा डिब्बों को सड़क या फुटपाथ से हटाकर ऐसी जगह रख दें, जहाँ वे सार्वजनिक रूप से दिखाई न दें।

Fremont रिसाइक्लिंग और ट्रांसफ़र स्टेशन (Fremont Recycling & Transfer Station, FRTS)

आप अपना कचरा सीधे Fremont के 41149 Boyce Rd. स्थित FRTS में ले जाकर जमा कर सकते हैं। इस फैसिलिटी में आम लोग कचरा, कंस्ट्रक्शन का मलबा, बगीचे का कचरा, मैट्रेस और अप्लायंस जमा कर सकते हैं। सभी तरह का कचरा जमा करने के लिए शुल्क देना होगा। fremont-recycling.com पर जाएँ या 510-252-0500 पर कॉल करें। Household Hazardous Waste Facility इसी जगह मौजूद है।